# चुनाव के लिए बालाघाट को मिली 50 कंपनी

## सुरक्षाबलों के अधिकारियों की बैठक नक्सल प्रभावित क्षेत्र में तैनाती पर दिया प्रशिक्षण



एसपी समीर सौरभ ने बताया कि जिले में लोकसभा चुनाव के मद्देनजर आगामी 19 अप्रैल को होने वाले मतदान को लेकर बालाघाट पुलिस को मिली सीएपीएफ के नक्सली क्षेत्र में तैनाती को लेकर बेसिक जानकारी देने और जवानों को किन-किन बातों का ध्यान रखकर एरिया डॉमिनेशन करना है।

**नवभारत, बालाघाट।** सोमवार को सीएपीएफ के मिली कंपनी की नक्सली क्षेत्र में तैनाती को लेकर पुलिस ऑब्जर्वर की उपस्थिति में पुलिस कंट्रोल रूप में एक बैठक आयोजित की गई। जिसमें पुलिस महानिरीक्षक संजय कुमार, पुलिस अधीक्षक समीर सौरभ के अलावा सुरक्षाबलों की कंपनियों के अधिकारी उपस्थित थे।

इसमें नक्सल प्रभावित क्षेत्र में तैनाती को लेकर अपनाई जाने वाली सुरक्षा, सतर्कता के बारे में विशेष रूप से प्रशिक्षित किया गया। लोकसभा चुनाव के प्रथम चरण में आगामी 19 अप्रैल को संसदीय क्षेत्र बालाघाट-सिवनी में मतदान कराया जाएगा। पूरे संसदीय क्षेत्र में लगभग 2 हजार 321 बूथ हैं, जिसमें बालाघाट जिले की 6 विधानसभा में 1 हजार 675 मतदान केन्द्रों में लगभग 300 मतदान केन्द्र नक्सली मूवमेंट की वजह से संवेदनशील है। बैहर, परसवाड़ा और लांजी के नक्सल प्रभावित क्षेत्र में शांतिपूर्ण मतदान एक बड़ी चुनौती है। हालांकि यहां मतदान को लेकर चुनाव आयोग ने सुबह 7 बजे से शाम 4 बजे तक वोटिंग के निर्देश दिए हैं।

चुनाव को लेकर बालाघाट पुलिस को मिली 50 कंपनियों में सीएपीएफ, आईटीबीपी, बीएसएफ, मणिपुर एसएफ की 100-100 जवानों की कंपनियां मिली है। इसके अलावा जिले में नक्सली उन्मूलन में लगे हॉकफोर्स, सीआरपीएफ, कोबरा और पुलिस बल के हजारों जवान यहां तैनात है। जिससे पुलिस का मानना है कि इन कंपनियों के अलावा और भी कंपनी मिलने की उम्मीद है, जिससे एक अच्छा फोर्स चुनाव के दृष्टिकोण से बालाघाट को मिलेगा।

इसके बारे में प्रशिक्षित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि नक्सली क्षेत्र में संवेदनशीलता के आधार पर किसी मतदान केन्द्र में सीएपीएफ का फुल सेक्शन और किसी जगह हॉफ सेक्शन की तैनाती की जाएगी। लोकसभा चुनाव के मतदान को लेकर पीएचक्यु के निर्देश पर मिली कंपनियों के जवानों को तैनात किया जाएगा। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि नक्सली क्षेत्र में मतदान की चुनौती है और बीते दिनो में हुए नक्सली एनकाउंटर के बाद, नक्सली किसी गतिविधि को अंजाम देंगे।

इससे इंकार नहीं किया जा सकता है, लेकिन हमारा बल पूरी तरह से सतर्क है और लगातार नक्सली क्षेत्र के जंगलो में सर्चिंग जारी है। उन्होंने बताया कि चुनाव में मतदान को लेकर हमें 50 सुरक्षाबलों की कंपनी मिली है, दो से चार और कंपनियां आ सकती है। एक कंपनी में 100 का बल रहता है। हम लगातार लोगों को आश्वस्त कर रहे है कि सुरक्षा के माहौल में बिना किसी भय और निष्पक्षता के साथ मतदाता, मतदान करें, उनके सुरक्षा की जिम्मेदारी पुलिस की है। नक्सली क्षेत्र में किसी भी घटना को लेकर मेडिकल सुविधा को लेकर विगत दिनों हमारी बैठक एसडीएम और एसडीओपी के साथ हो चुकी है।

जिले में 2321 मतदान केन्द्रों पर करेंगे 18 लाख से ज्यादा मतदाता बालाघाट-सिवनी निर्वाचन क्षेत्र में 2321 मतदान केंद्र बनाये गए हैं, जिसमें 18 लाख 71 हजार 270 मतदाता मतदान करेंगे।

# भाजपा ने मनाई बाबा साहब की जयंती

### संविधान संरक्षण एवं बाबासाहब के विचार विषय पर हुई संगोष्ठी



**नवभारत, बालाघाट।** संविधान निर्माता भारतरत्न बोधिसत्व डॉ.बाबासाहब अम्बेडकर की जयंती 14 अप्रैल को भारतवर्ष में उत्साह के साथ मनाई गई। भाजपा जिला संगठन ने डॉ. अम्बेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया एवं जिला भाजपा कार्यालय में दीप प्रज्वलित कर उन्हें नमन किया गया। भारत निर्माण में बाबासाहब के योगदान को लेकर संविधान संरक्षण एवं उनके विचारों पर आधारित संगोष्ठी हुई। इस आयोजन में मुख्य वक्ता डॉ. तुकड्यादास वैद्य, मुख्य अतिथि हरिचंद मोहबे सहित अन्य वक्ताओं ने बाबासाहब के जीवन चरित्र पर प्रकाश डालते हुए महत्वपूर्ण जानकारियां दी। आयोजित कार्यक्रम में प्रमुख रूप से वरिष्ठ भाजपा नेता दिलीप चौरसिया, नरेन्द्र भैरम, नगर अध्यक्ष सुरजीतसिंह ठाकुर, राजेन्द्र चौकसे, महेन्द्र वर्मा, बसंत कुम्हरे, गणेश अग्रवाल, सिद्धांत पाटिल, अनमोल रामटेके, सुजाता नारनवरे, संतोष सिंगारे, दीपक लिल्हारे, विक्की बिसेन, दुर्गेश कुरील, कृष्णा मेश्राम, छबिलाल भोंडेकर, भैयालाल मोहबे, पवन कुमार, कमलेश सूर्यवंशी, जैनेन्द्र कटरे सहित अन्य बौद्ध-अम्बेडकरी उपासक-उपासिकाएं एवं भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे। एक देश में दो संविधान को बाबासाहब ने नकारा संगोष्ठी के दौरान संबोधित करते हुए वरिष्ठ भाजपा नेता तुकड्यादास वैद्य ने बताया कि संपूर्ण राष्ट्र बाबासाहब की जयंती पर कृतज्ञता वक्त करता है और देश में सर्वाधिक प्रतिमाएं उनकी ही लगी है। आज भी देश में उन्हें भगवान की तरह पूजा जाता है। भारत निर्माण में उनका योगदान अतुलनीय है।वहीं जो सम्मान बाबासाहब को भाजपा सरकार के समय दिया गया वो इसके पहले की सरकारों ने कभी नहीं दिया, वहीं कांग्रेस ने उन्हें चुनाव में हरवाकर संसद में नहीं जाने दिया लेकिन उसके बाद भी संविधान को बाबा साहब ने सशक्त और मज़बूत बनाया कि अब हजारों साल तक उसे कई बदल नहीं सकता,उन्होंने कहा कि जब संविधान सभा में कश्मीर की धारा 370 का प्रस्ताव आया तो बाबासाहब इसके पक्षधर नहीं थे वे नहीं चाहते थे कि एक भारत देश में दो संविधान बनें किंतु दुर्भाग्य से प्रस्ताव तो पारित हुआ लेकिन बाबासाहब ने इसे अस्थाई करने में भूमिका निभाई और आज भाजपा सरकार ने इसे समाप्त करने का ऐतिहासिक कार्य किया है। उन्होंने बताया कि अनुसूचित जाति वर्ग को सम्मानित करने का अवसर भाजपा ने दिया है, चाहे राष्ट्रपति जैसा संवैधानिक पद पर रामनाथ कोविंद को देना हो या फिर सफाई कर्मियों का सम्मान हो देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बाबासाहब के विचारों को आत्मसात कर समानता का उद्देश सार्थक किया है। प्रमाणिकता से कार्य कर रहा भाजपा संगठन इस दौरान हरिचंद मोहबे एवं नरेन्द्र भैरम ने भी संबोधित करते हुए कहा कि बाबासाहब का संदेश जन-जन तक पहुंचाना होगा। कुछ राजनैतिक दलों ने इतने वर्षो तक केवल बाबासाहब के नाम पर राजनीति की है भाजपा ही एकमात्र ऐसा राजनीतिक दल है जिसने उनके सिद्धांतों को अपनाया है। बताया गया कि मऊ में 300 करोड़ की राशि खर्च कर भाजपा सरकार ने भव्य स्मारक का निर्माण किया है

# आज होगी माता बिरासनी मंदिर में माँ कालिका के स्वरूप की पूजा

**उमरिया बिरसिंहपुर पाली।** सम्पूर्ण भारतवर्ष में चैत्र नवरात्र का त्यौहार बड़े ही धूम धाम से मनाया जा रहा है वही उमरिया जिले के पाली नगर में विराजी विश्व विख्यात जगत जननी माता बिरासिनी मंदिर में चैत्र नवरात्र की एक अलग ही भव्यता के साथ मनाया जा रहा है प्रथम दिन से लेकर पुरे नौ दिनों तक माता की पूजा प्रतिदिन अलग अलग स्वरूप में की जाती है आज माता की पूजन महाकाली के स्वरूप में की जाएगी जहां सुबह से ही श्रदाहलु विशेष पकवान अठमाइन मा को समर्पित करेंगे साथ ही आज शाम मंदिर में महाआरती भी होगी जिसमें लाखो श्रदाहलुओ आरती में सम्लित होंगे।



### दसवीं शताब्दी की है माता बिरासिनी की प्रतिमा

माता बिरासनी मंदिर में बिराजी माता बिरासिनी की प्रतिमा 10 वी शताब्दी की की बताई जाती है मंदिर के गर्भ गृह में मुख्य रूप से माता बिरासनी की प्रतिमा के साथ माता के बाएं तरफ हरिहर भगवान की प्रतिमा भी स्थापित है जो के हरिहर भगवान की प्रतिमा स्थापित है हरि मतलब भगवान विष्णु और हर मतलब भगवान शिव का स्वरूप रूप है ऐसा स्वरूप बहुत विरले देखने मिलता है माता बिरासनी मंदिर में माँ की नौ दिन अलग अलग स्वरूपों में पूजा अर्चना की जाती है

### देश के साथ-साथ विदेश के लोग भी स्थापित कराते है कलश की स्थापना

माता बिरासनी मंदिर में मुख्य रूप से जवारे कलस की एक अलग ही मान्यता है पूरे देश भर से श्रदाहलु माता बिरासिनी मंदिर में अलग अलग कलश की स्थापना करते है

जिसमे आजीवन ज्योति घी आजीवन तेल ज्योति घी कलश ज्योति तेल कलश एवम मनोकामना कलश की स्थापना की जाती है। इस वर्ष लगभग 14 हज़ार कलशों की स्थापना कराई गई है जो की भारतवर्ष के कोने कोने से श्रदाहलू अपने मनोकामना पूर्ण करने एवम श्रद्धा भाव से कलशों को स्थापित करते है।

### नौ दिन विशाल भंडारा

नगर के बिरसिंहपुर पाली में माँ बिरासनी सेवा समिति के द्वारा अनोखी पहल के साथ नगर में आये हुए श्रद्धालुओं को भंडारे के द्वारा नौ दिन तक माँ बिरासनी सेवा समिति के द्वारा विशाल भंडारा का आयोजन किया गया है जो निरंतर सुबह से लेकर रात्रि तक संचालित रहता है इस भंडारे में हजारों के संख्या भोग प्रसाद ग्रहण करते है आज आस्टमी के दिन माता को सेवा समिति के द्वारा छप्पन भोग माँ को अर्पित करंगे नगर के समाज सेवी धीरेंद्र शर्मा अपने निज निवास के सामने भक्तों के लिए नौ दिन तक कई वर्षों करवाते चले आ रहे है भंडारे का आयोजन जिसमे नौ दिन तक अलग अलग भंडारे प्रसाद को वितरित करवा कर श्रद्धालुओं की करते है सेवा.

### शान्तिपूर्ण स्थिति में मनाया जाता है चैत्र नवरात्र

मंदिर परिषर में शांति व्यवस्था व श्रद्धलुओं की सहजता के लिए प्रशासन के द्वारा लगातार निगरानी के साथ व्यवस्था संभाले हुए नगर निरीक्षक मदनलाल मरावी पुलिस स्टाफ के साथ साथ राजस्व विभाग शांति व्यवस्था की जिम्मेदारी साथ मुंडन व पूजा के लिए मंदिर परिषर में व्यवस्था उपलब्ध है साथ ही जगह जगह सी सी टी वी के माध्यम निगरानी से हो रही है.



# रामपायली में कार की टक्कर से युवक की मौत

### एक बच्ची घायल, तीन दिन में एक्सीडेंट की दूसरी बड़ी घटना

**नवभारत, बालाघाट।** शुक्रवार को ही सड़क हादसे में मालवाहक वाहन की टक्कर से युवती की मौत की घटना को एक दिन बीता ही था कि रविवार को अमई रोड पर फिर एक बेलगाम कार की टक्कर से युवक की मौत हो गई। फिलहाल घटना के बाद पुलिस ने कार को बरामद कर अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी है।

बताया जाता है कि डोके निवासी युवक सचिन पिता बुधनलाल उईके, घर में पारिवारिक कार्यक्रम के चलते बाइक से अपनी चाची को लेने चिखलाबांध जा रहा था, इस दौरान ही बोनकट्टा तरफ से आ रही कार क्रमांक एमएच 40 एसी 8222 के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए युवक की बाइक को टक्कर मार दी। जिससे युवक के बाइक सहित नीचे गिरने से उसके सिर पर गंभीर चोटे आने से उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। कार में सवार एक बच्ची के भी घायल होने की खबर है। फिलहाल घटना की जानकारी के बाद रामपायली पुलिस ने युवक के शव को घटनास्थल से पीएम के लिए अस्पताल भिजवाया है।

रामपायली थाना क्षेत्र में तीन दिनों यह दूसरी बड़ी वारदात हैं। जिसमें युवक ने सड़क हादसे में दम तोड़ दिया। इससे पूर्व बीते शुक्रवार को नवेगांव-कोथुरना के बीच मालवाहक वाहन की टक्कर से बकोड़ी पंचायत के आकुटोला निवासी 19 वर्षीय रानु पिता यादोराव पंचेश्वर की मौत हो गई थी।

### एक नजर में

## उत्कृष्ट स्कूल में बनाई मानव श्रृंखला, 500 से अधिक महिलाओं ने दिया मतदान का संदेश

नवभारत, बालाघाट। बालाघाट जिले में मतदाता जागरूकता को लेकर विभिन्न आयोजन किए जा रहे है। इसके तहत सोमवार को नगर के उत्कृष्ट विद्यालय में भव्य चलित मानव श्रृंखला बनाकर मतदान संदेश दिया गया। इस दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा ने लोगों को मतदान जागरूकता की शपथ दिलाई। चलित मानव श्रृंखला में 4 लेयर में एनआरएलएम और महिला बाल विकास विभाग की महिलाएं तथा बाहरी लेयर में कॉलेज के विद्यार्थी और अधिकारी श्रृंखला बद्ध थे। इस चलित मानव श्रृंखला में 500 से अधिक महिलाएं और करीब 50 विद्यार्थी शामिल थे। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ डीएस रणदा, महिला बाल विकास विभाग के कार्यक्रम अधिकारी प्रशांत ठाकुर, जनपद सीईओ ममता कुलस्?ते, जन अभियान परिषद के सुशील बर्मन, जिपं सीईओ नेत्रा उइके, विकास रघुवंशी, क्षेत्र प्रचार के अजय बैस और अन्य अधिकारी भी मौजूद थे। मानव श्रृंखला से मतदाता जागरूकता संदेश देने के बाद रैली का आयोजन किया गया। रैली उत?कृष?ट विद्यालय से आम्?बेडकर चौक से गोंदिया रोड होकर रैली वापस उत?कृष?ट विद्यालय पहुंची। जहां इसका समापन किया गया।




## सरस्वती विद्यालय का परीक्षा परिणाम घोषित

उमरिया। मानपुर नगर में शिक्षा, संस्कार, अनुशासन के लिए ख्यातिलब्ध शिक्षण संस्थान विद्या भारती सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मानपुर में दिनांक 15.04.2024 को गृह परीक्षा परिणाम घोषित हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मां वीणा पांणि के पूजन अर्चन के साथ हुआ। तत्पश्चात परीक्षा परिणाम का शील बंद लिफाफा अतिथियों के द्वारा खोला गया तथा विद्यालय के प्राचार्य जी द्वारा कक्षा अरुण, उदय, प्रथम, द्वितीय, तृतीय, चतुर्थ, षष्ठ, सप्तम, नवम, एकादश का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। साथ ही अपनी कक्षा में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले भैया बहनों को विद्यालय द्वारा पुरस्कृत किया गया। उक्त कार्यक्रम में विद्यालय के अध्यक्ष श्री दिनेश कुमार परौहा जी, पूर्व जिला सचिव एवं समिति सदस्य श्री लक्ष्मीनारायण शुक्ल जी, प्राचार्य श्री श्रवण कुमार तिवारी जी, प्रधानाचार्य श्री तेजबली प्रसाद शुक्ल जी, परीक्षा प्रभारी श्री मनीष कुमार मिश्र जी, समस्त विद्यालय परिवार, अभिभावक बंधु भगिनी, पत्रकार बंधु, भैया बहिन उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन सांस्कृतिक प्रभारी अनुपम तिवारी जी ने किया। कल्याण मंत्र के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।



# दो साल में दर्जन से अधिक किडनी मरीजों की मौत

### तीन और डायलिसिस मरीज़ संक्रमित



**उमरिया।** दो साल के अंदर दर्जन भर से अधिक डायलेसिस मरीजों की मौत के बाद भी स्वास्थ्य प्रबन्धन चेत नही रहा है,सोमवार को आई हेपेटाइटिस रिपोर्ट की माने तो तीन और किडनी मरीज़ संक्रमित हो गए है।इसके पहले भी करीब 10 मरीज़ संक्रमित हो चुके है।सूत्रों की माने तो सोमवार को आई रिपोर्ट में तीनों संक्रमित मरीज पूर्व में भी संक्रमित हुए थे,परन्तु तीन माह के उपचार के बाद ये ठीक हो गए थे,पर फिर एक बार ये मरीज संक्रमण का शिकार हुए है। मरीजों में संक्रमण होने की दशा में मरीज़ का लीवर गम्भीर संक्रमण का शिकार हो जाता है,जिसे टीके से रोका जा सकता है।

ज़िन्दगी और मौत से जूझ रहे किडनी मरीज़ों ने कलेक्टर को शिकायती प्रपत्र सौंपते हुए कहा है कि जिला अस्पताल में पर्याप्त मात्रा में हेपेटाइटिस टीका होने के बावजूद मरीजों को टीका नही लगाया जा रहा,नतीजतन निरन्तर किडनी मरीज़ संक्रमित हो रहे है।इसके अलावा शिकायती प्रपत्र में शौचालय से सटे डायलीसिस वार्ड में गंदगी और तीक्ष्ण दुर्गन्ध होने की भी शिकायत है,जिससे मरीजों के संक्रमित होने के खतरे की बात कही गई है।

शिकायती प्रपत्र में यह भी कहा गया है कि बिजली गुल होने पर जनरेटर व्यवस्था होने के बाद भी वार्ड में बिजली नही होती,जिस वजह से मरीजों को भारी परेशानी हो रही है।

विदित हो कि चिकित्सकों के परामर्श पर किडनी मरीज डायलिसिस कराते है,फिलहाल जिला चिकित्सालय में करीब 32 ऐसे किडनी मरीज़ है,जो हफ्ते में दो या कई मरीज़ तीन बार डायलिसिस करा रहे है।किडनी मरीज़ो में डायलिसिस एक कठिन प्रक्रिया है,जिसमे करीब 4 घण्टे मरीज़ भारी परेशानी से गुजरता है,इस दौरान मरीजों में संक्रमण का खतरा भी ज्यादा बना रहता है,जिस वजह से डायलिसिस वार्ड पूरी तरह स्वच्छ और दुर्गन्धयुक्त रखने की ज़रूरत है।

जनवरी 2022 से मार्च 2024 यानी बीते दो सालों में 16 किडनी मरीजों की मृत्यु हो चुकी है,जो बड़ा सवाल है,ऐसे संवेदनशील मामलों में स्वास्थ्य प्रबन्धन को और अधिक गम्भीरता बरतने की ज़रूरत है।

**आयोजन** जगह-जगह कार्यक्रम का आयोजन किया गया

# बाबा साहब अंबेडकर की जयंती धूमधाम से मनाई



**नवभारत, कटंगी।** संविधान के रचयिता डॉ बाबासाहेब अंबेडकर कि आज 133 वी जन्म जयंती है जिसके चलते बुद्धिस्ट परिवार द्वारा पूर्व से ही जयंती को लेकर तैयारी की जा रही है

14 अप्रैल को कटंगी नगर एवं समूचे क्षेत्र में बाबा साहब अंबेडकर की जयंती धूमधाम से मनाई ग ई जिसके चलते कटंगी नगर बस स्टैंड के समीप डॉक्टर बाबासाहेब अंबेडकर की प्रतिमा पर भी माल्यार्पण किया गया वही कटंगी नगर वार्ड नंबर 11 वारासिवनी रोड स्थित बुद्ध विहार में भी थाईलैंड से आ रही भगवान बुद्ध की प्रतिमा की स्थापना की ग ई और कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया

वही कटंगी नगर सहित क्षेत्र में भी डॉक्टर बाबा साहब अंबेडकर की जयंती धूमधाम से मनाई गई है तथा कटंगी नगर में बाबा साहब की जयंती के अवसर पर विशाल रैली का भी आयोजन किया गया है

जिस रैली का समापन कटंगी बस स्टैंड होते हुए वार्ड नंबर 11 वारासिवनी रोड बुद्ध विहार के पास किया गया।

### डॉ. अंबेडकर की मनाई जयंती

**उमरिया।** इंद्रा स्व सहायता समूह मोहनपुरी उमरिया के द्वारा डॉ. भीमराव अंबेडकर जी के तैलचित्र पर पुष्प माला अर्पित कर मनाई गई जयंती। इस अवसर पर उपस्थित इंद्रा स्व सहायता समूह को अध्यक्ष नसरीन बानो ने बताया की डॉ. भीमराव अंबेडकर जी भारत के संविधान निर्माता थे उन्होंने देश के लिए संविधान बनाया बाबा साहेब जी की अध्यक्षता में ही दुनिया का सबसे लंबा लिखित संविधान तैयार किया गया था। 14 अप्रैल 1891 को इनका जन्म एक गरीब और दलित परिवार में हुआ। इस साल बाबा साहेब की 133वीं जयंती मनाई जा रही है। बाबा साहेब भीम राव आंबेडकर जी ने कई बार मंच से ऐसे भाषण, या विचार व्यक्त किए जिससे प्रेरित होकर युवा जीवन की कठिनाइयों का सामना करने के लिए तैयार हो सकते हैं। संविधान निर्माता बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर जी की जयंती 14 अप्रैल को मनाई जाती है। उन्हें संविधान निर्माता इसलिए कहा जाता है, क्योंकि भारतीय संविधान के निर्माण में उनका अमूल्य योगदान रहा। साथ ही दलित समाज के लिए भी बी आर आंबेडकर जी ने महत्वपूर्ण कदम उठाए।

बालाघाट मार्केट प्लस
होप हार्ट हॉस्पीटल
गोल्ड मेडलिस्ट हार्ट विशेषज्ञ
डॉ.प्रमेश अनिरूध्द गायधने
हार्ट के बिमारीयो के लक्षण
छाती में दर्द/भारीपण, सांस की तकलीफ, दम लगना, पैर अचानक काले पड जाना, धडकन कम या ज्यादा होना, पैंरो/शरिर मे सुजन /DVT, चक्कर, बेहोशी, घबराहट, बेचैनी, थकान व कमजोरी, अत्याधीक पसीना, खाना खाने के पश्चात पेट मे दर्द एवं वजन कम होना, चलने पर पैंरो मे दर्द होकर रुक जाना/न भरने वाले जखम
हार्ट एवं हार्ट अटॅक संबंधित सर्वोत्तम उपचार के लिये एरिया का एकमात्र डेडिकेटेड हॉस्पीटल
रिलायंस पट्रोल पंप के बाजु मे, आमगांव रोड, फुलचुर, गोंदिया
07182 299202

बालाघाट मार्केट प्लस
गोंदिया जिले के पहले लकवा विशेषज्ञ
डॉ. कुशल डी.अग्रवाल
मस्तिष्क रोग विशेषज्ञ
OM.B.B.S.M.D.DM(Neurology)
O.P.D.I.P.D.सेवा नियमित उपलब्ध
मिरगी आना, फिट आना, लकवा, सिरदर्द, माईग्रेन, चक्कर आना, मांसपेशियों में तकलीफ, साईटिका आदि का ईलाज किया जाता है।
NEURO PLUS CLINIC
रजिस्ट्रेशन के लिए संपर्क करें : 8010481316
पता- हिन्दी टाउन स्कूल के सामने, गांधी प्रतिमा चौक, गोंदिया
ओपीडी समय : सुबह 10:00 बजे से दोप. 2:00 बजे तक शाम 4:00 बजे से 7:00 बजे तक (सोमवार से शनिवार)
बालाघाट में आरोग्य हॉस्पिटल, हनुमान चौक, रेल्वे स्टेशन रोड, बालाघाट, (नोट-महीने के दूसरे और चौथा रविार सुबह 11:00 बजे से दोप. 2:00 बजे तक)